हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 21 सितंबर 2025
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

ORA MAKERS
Own your real asset.

A NEW ADDRESS
of
LUXURY & LIFESTYLE.

Bilaspur's Most Awaited Premium Township of DEVELOPED PLOTS
and 2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS



Artist's Impression



Artist's Impression
Grand Entrance – A majestic welcome every day



Artist's Impression
Beautiful Temple – A serene spiritual retreat



Artist's Impression
Landscaped Gardens & Water Features – Nature-inspired living

SPECIAL FEATURES & WORLD-CLASS AMENITIES

Discover a township that is built to inspire and designed to last.
Every feature is carefully curated to provide you with comfort, security and joy.

Modern Garden Spaces – Thoughtfully planned for leisure

Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness

Fully Equipped Gymnasium – Stay fit and active

Lavish Swimming Pool with Kids' Pool – Fun for all ages

New Town
Own it!

FOR DETAILED INFORMATION:

98931 13444/ 98931 28333

New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden, 4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in

20-Sept -RAG bhoomi-pg-2_Layout 1 9/20/2025 9:13 PM Page 1



# मशरूम बीन रही महिला की हाथी के कुचलने से मौत, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में हाथियों और इंसानों के बीच संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार सुबह कुनकुरी विकासखंड के कुडुकेला जंगलपारा में हाथी ने एक ग्रामीण महिला पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान 44 वर्षीय ज्योति मिंज के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, ज्योति मिंज सुबह-सुबह जंगल से खुखड़ी (जंगली मशरूम) बीनकर घर लौट रही थी। घर से महज 200 मीटर की दूरी पर पहुंचते ही अचानक हाथी ने उस पर हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। शोरगुल सुनकर ग्रामीण दौड़े और किसी तरह वन विभाग को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से महिला को कुनकुरी के होलीक्रॉस अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।


घायल महिला की इलाज के दौरान अस्पताल में हुई मौत।

**लगातार बढ़ रहा मानव-हाथी संघर्ष:** यह जिला लंबे समय से हाथियों के आतंक से जूझ रहा है। यहां हर साल कई लोगों की मौत हाथी के हमले में हो जाती है और बड़ी संख्या में घर, फसलें और गोदाम हाथियों द्वारा रौंदे जाते हैं। विभाग की तमाम योजनाओं और दावों के बावजूद जमीनी स्तर पर लोगों को राहत नहीं मिल रही है।ग्रामीणों का कहना है कि वे रोजाना असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। महिलाओं और बच्चों को जंगल में लकड़ी, चारा और मशरूम बीनने जाना पड़ता है, लेकिन हर कदम पर हाथियों के हमले का डर बना रहता है।

### सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग

इस ताजा घटना के बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर मांग की है कि क्षेत्र में हाथियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए, गांव-गांव में समय पर मुनादी कर लोगों को सावधान किया जाए और जरूरत पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा बल की तैनाती की जाए।

### 2025 में अब तक 5 मौतें

वन विभाग के अनुसार इस वर्ष 2025 में अब तक 5 मौतें हाथी के हमले से हो चुकी है। वन विभाग ने अभितक सभी मौतों का मुआवजा भी दिया है,लेकिन क्या इन मुआवजों से गई हुई जन की छती को कम किया जा सकता है।जरूरत है हाथी और मानव के बीच होने वाले संघर्षों को रोकना ताकि जानमल।के छाती से लोगों को बचाया जा सके।

### वन विभाग पर लगा लापरवाही का आरोप

घटना के बाद से इलाके में आक्रोश और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि हाथियों की मौजूदगी की जानकारी पहले से होने के बावजूद वन विभाग की ओर से न तो मुनादी कराई गई और न ही लोगों को सावधान किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने मांग की है कि क्षेत्र में हाथियों की लगातार आवाजाही को देखते हुए निगरानी बढ़ाई जाए और लोगों की सुरक्षा के लिए ठोस इंतजाम किए जाएं। उनका कहना है कि जब तक हाथियों को सुरक्षित क्षेत्र में खदेड़ने और उनकी आवाजाही पर रोकथाम की ठोस रणनीति नहीं बनेगी, तब तक ऐसी घटनाएं होती रहेंगी।

### क्या कहना है वन विभाग का

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हाथियों के विचरण को लेकर लगातार अलर्ट जारी किया जा रहा है। सोशल मीडिया, ग्राम पंचायतों और अन्य संचार माध्यमों से ग्रामीणों को चेताया जाता है। विभाग का कहना है कि लोग जंगल में जाते समय एहतियात नहीं बरत रहे हैं, जिसकी वजह से हादसे हो रहे हैं। अधिकारियों ने यह भी दावा किया कि घटना की सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल महिला को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### भू अधिग्रहण ऑफिस का कर्मी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**राउरकेला।** ओडिशा विजिलेंस ने शनिवार को रुकुरा सिंचाई परियोजना बोनाई जिला सुंदरगढ़ के भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास कार्यालय में तैनात क्लर्क कम कैशियर पृथ्वीराज कमिला को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी ने एक आदिवासी भूमि विस्थापित से भूमि अधिग्रहण मुआवजा राशि 2.07 लाख जारी करने के नाम पर 20,000 की रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता पहले ही 10,000 दे चुका था, लेकिन फाइल आगे नहीं बढ़ाई गई। शेष राशि मांगने पर जब शिकायतकर्ता ने असमर्थता जताई तो आरोपी ने रिश्वत घटाकर 7,000 कर दी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विजिलेंस टीम ने आरोपी को 7,000 की दूसरी किस्त लेते हुए पकड़ लिया। पूरी राशि जब्त कर ली गई है। घटना के बाद विजिलेंस ने आरोपी के चार अलग अलग ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। इस मामले में जांच जारी है।

### सुंदरगढ़ में 80 हजार के गांजा सहित दो आरोपी गिरफ्तार



**सुंदरगढ़।** ड्रग्स विरोधी अभियान में सुंदरगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सुंदरगढ़ सदर थाना पुलिस ने 7 किलो 850 ग्राम गांजा जब्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही 3 मोबाइल फोन, नगद राशि तथा गांजा तस्करी में इस्तेमाल की गई एक इलेक्ट्रिक स्कूटी भी पुलिस ने बरामद की है। जब्त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 80,000 रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनुगुल किशोर नगर क्षेत्र के शंभुनाथ नायक और सुंदरगढ़ बंदपल्ली के प्रमोद कुमार त्रिपाठी के रूप में हुई है। गांजा तस्करी मामले में पुलिस की आगे की जांच जारी है। इस संबंध में सदर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### जिले में 1257.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 19 सितम्बर तक 1257.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1454.3 मिली मीटर पुसौर में 1336.6, खरसिया में 1160.5, घरघोड़ा में 1258.6, तमनार में 989.7, लैलूंगा में 1083.3, मुकडेगा में 1457.7, धरमजयगढ़ में 1009.6, छाल में 1185 एवं कापू में 1638.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### मांड नदी किनारे मिली महिला की लाश

**सीतापुर।** क्षेत्र में मांडनदी में एक महिला की लाश बरामद की गई है। महिला जशपुर जिले की रहने वाली थी और सोमवार से लापता थी। पुलिस द्वारा महिला की लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को क्षेत्र के मंगरैलगढ़ स्थित मांडनदी किनारे एक महिला की सड़ी गली लाश झाड़ियों में मिली थी। स्थानीय लोगों ने नदी में लाश होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा लाश को पानी से निकालकर उसके शिनाख्त की प्रक्रिया की गई।

### भारत का विकृत नक्शा दो के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध

**अम्बिकापुर।** होली क्रॉस वुमेंस कॉलेज की प्राचार्य शांता जोसेफ एवं उनके फेसबुक पेज संचालक द्वारा महाविद्यालय के अधिकृत फेसबुक पेज पर स्पोर्ट्स डे बैनर तले भारत का विकृत एवं विवादित नक्शा प्रकाशित करने के मामले में गांधीनगर पुलिस ने प्राचार्य सहित दो व्यक्तियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 505 (1-बी) का मामला पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार होलीक्रास वुमेंस कॉलेज के अधिकृत फेसबुक पेज पर 5 फरवरी 2024 को स्पोर्ट्स डे के बैनर में भार तक विकृत एवं विवादित नक्शा प्रकाशित किया गया था। नक्शे में अक्साई चीन एवं पाक अधिकृत कश्मीर को भारत से अलग दिखाया गया है।

### ऑपरेशन मुस्कान में मिली बड़ी सफलता

# दो गुम बच्चियां सकुशल मिलीं परिजन के चेहरे पर लौटी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में जिले में चलाए जा रहे "ऑपरेशन मुस्कान" में पुलिस ने दो गुम नाबालिग बालिकाओं को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया। यह अभियान विशेष रूप से गुम बच्चों की सुरक्षा और उन्हें उनके घर सुरक्षित लौटाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।

19 अगस्त 2025 की शाम को 17 वर्षीय नाबालिग बालिका घर से बिना बताए चली गई। परिजनों ने तुरंत आस-पड़ोस, रिश्तेदार और आसपास के गांवों में पता लगाया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। परिजनों ने संदेह व्यक्त किया कि बालिका को किसी व्यक्ति ने बहला-फुसला कर भगा लिया है।परिजनों की शिकायत पर थाना सिटी कोतवाली में गुम इंसान और बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस ने तुरंत पता साजी शुरू की। पुलिस ने क्षेत्रीय और तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए गुम बालिका का पता लगाया। परिजनों के सहयोग से बालिका को जशपुर क्षेत्रांतर्गत एक गांव से सकुशल बरामद किया गया।

### आरोपी और कानूनी कार्रवाई

पूछताछ में पता चला कि आरोपी नवीन भगत उम्र 19 वर्ष ने बालिका को शादी का झांसा देकर बहला- फुसलाकर भगा लिया था और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 87, 64(1) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 व 6 के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### चौकी सोन क्यारी क्षेत्र में दूसरा मामला

इस क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग बालिका 11 सितंबर 2025 को घर से बिना बताए चली गई। परिजनों ने आस-पड़ोस और रिश्तेदारों में पता किया, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। चौकी सोन क्यारी पुलिस ने गुम इंसान व बीएनएस धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।मुखबिर की सूचना और परिजनों के सहयोग से पता चला कि बालिका कुनकुरी क्षेत्रांतर्गत अपने एक रिश्तेदार के घर में है। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुँचकर बालिका को सकुशल बरामद किया और परिजनों के सुपुर्द किया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि वह घर वालों की किसी बात से नाराज होकर चली गई थी और उसके साथ कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

### पुलिस की तत्परता और टीम का योगदान

दोनों मामलों में पुलिस की सक्रियता, तकनीकी टीम की मदद और मुखबिर तंत्र की भूमिका अहम रही। विशेष रूप से चौकी सोन क्यारी में सहायक उप निरीक्षक कुमार वैभव सिंह, नगर सैनिक सिंह रवि, और परिजनों ने बालिका की बरामदगी में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### जारी रहेगा आपरेशन मुस्कान

एसपी जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया पुलिस ने सतर्कता और तत्परता दिखाते हुए दोनों गुम बालिकाओं को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया। ऑपरेशन मुस्कान निरंतर जारी है।

## अमेरिका की एडवाइजरी के जवाब में युवा निकला साइकिल यात्रा पर

**जशपुरनगर।** हाल ही में अमेरिका ने भारत के कुछ राज्यों को लेकर अपनी ट्रैवल एडवाइजरी जारी की थी, जिसमें छत्तीसगढ़ को भी असुरक्षित बताया गया था। इसी टिप्पणी से आहत होकर कवर्धा जिले के गुलालपुर निवासी 19 वर्षीय युवक आनंद मरकाम ने साइकिल से पूरे छत्तीसगढ़ का भ्रमण करने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि वे अपनी यात्रा के माध्यम से यह संदेश देंगे कि छत्तीसगढ़ न केवल सुरक्षित है बल्कि प्राकृतिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से बेहद समृद्ध राज्य है।



### दो माह की होगी यात्रा

आनंद ने 1 सितंबर से अपनी यह अनूठी यात्रा शुरू की है और उनका लक्ष्य है कि दो माह में पूरे छत्तीसगढ़ का भ्रमण पूरा कर लें। इस दौरान वे राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों, जनजातीय संस्कृति और परंपराओं को उजागर करते हुए इसे सोशल मीडिया और ब्लॉग के माध्यम से देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करेंगे।

### बलरामपुर होते पहुंचे जशपुर

शुक्रवार की शाम आनंद मरकाम अपनी साइकिल यात्रा के दौरान बलरामपुर के प्रसिद्ध तातापानी पर्यटन स्थल होते हुए जशपुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि जशपुर जिले के पर्यटन स्थलों और यहां की परंपराओं को देखकर वे बेहद उत्साहित हैं और इन्हें भी अपने ब्लॉग के जरिए लोगों तक पहुंचाएंगे।

## सभी तहसीलों में जरूरी पदों को तुरंत भरे जाएं: प्रदेश अध्यक्ष एनसीपी ओडिशा

**राउरकेला।** ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में स्थित प्रायः सभी तहसीलों में कर्मचारियों की भारी कमी के चलते आम जनता को भूमि व राजस्व संबंधी विभिन्न सेवाओं में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष ने इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार से अपील की है कि सभी तहसीलों में रिक्त पदों को तत्काल भरा जाए। उनका कहना है कि कर्मचारियों की कमी न केवल जनता की दैनिक जरूरतों को प्रभावित कर रही है बल्कि राजस्व विभाग के समग्र कार्यप्रणाली को भी बाधित कर रही है।

कार्यों में देरी म्यूटेशन भूमि स्वामित्व हस्तांतरण सर्टिफाइड कॉपी जारी करना, डीमार्केशन भूमि सीमांकन और अन्य राजस्व संबंधी कार्य लंबित पड़े हैं। इससे किसानों, संपत्ति मालिकों और आम नागरिकों को बार बार तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। कर्मचारियों पर बोझ मौजूदा कर्मचारी, जैसे क्लर्क, रेवेन्यू इंस्पेक्टर और अन्य स्टाफ, अत्यधिक कार्यभार से जूझ रहे हैं। कई पद रिक्त होने के कारण एक व्यक्ति को कई जिम्मेदारियां संभालनी पड़ती हैं, जिससे कार्यक्षमता प्रभावित होती है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों की तहसीलों में यह स्थिति और भी विकट है, जहां पहुंच और संसाधनों की कमी पहले से ही चुनौती बनी हुई है। राजस्व हानि मुख्यतः निगरानी और निरीक्षण की कमी से अवैध कब्जे, भूमि विवाद और कर चोरी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, जिससे राज्य के राजस्व को सीधा नुकसान पहुंच रहा है। आंकड़ों के अनुसार, ओडिशा में राजस्व विभाग में कई पद रिक्त हैं, जो विकास परियोजनाओं को भी प्रभावित कर रहे हैं। यह समस्या केवल सुंदरगढ़ जिले तक सीमित नहीं है बल्कि ओडिशा के अधिकांश जिलों में भी व्याप्त है। हाल ही में अगस्त 2025 में ओडिशा राजस्व अमला संघ ने कैडर पुनर्गठन, वेतन वृद्धि स्वास्थ्य बीमा और पदों की भर्ती समेत 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सामूहिक अवकाश और हड़ताल की थी। राउरकेला में ही लगभग 480 कर्मचारियों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन कियाए जिससे सार्वजनिक सेवाएं ठप हो गईं। राज्य सरकार ने हड़ताल पर सख्ती दिखाते हुए अवकाश आवेदनों को अस्वीकार कर दिया और अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी, लेकिन कर्मचारियों की कमी का मूल मुद्दा अब भी अनसुलझा है। एनसीपी अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि विकास को गति देने के लिए राजस्व विभाग की मजबूत भूमिका आवश्यक है। यदि पद नहीं भरे गए, तो विकास योजनाएं केवल कागजों तक सिमटकर रह जाएंगी, और पारदर्शी शासन का लक्ष्य अधर में लटक जाएगा।

### श्री सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस आज

**जशपुरनगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह का 65 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ 21 सितंबर दिन रविवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 5:00 बजे अघोर पीठ गम्हरिया आश्रम से प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो सती चौरा में पूजा अर्चना के पश्चात सोगड़ा आश्रम पहुंचेगी जहां ध्वजों तोलण एवं पूजा पाठ के पश्चात अघोर पीठ आश्रम गम्हरिया में प्रभात फेरी सम्पन्न होगी।वहां ध्वजों तोलण, सफल योनी का पाठ ,लघु गोष्ठी एवं प्रसाद वितरण के पश्चात दोपहर में जशपुर के विभिन्न मंदिरों मस्जिद और गिरिजा घरों में झाड़ू वितरण एवं जशपुर के विभिन्न चिकित्सालयो में पौष्टिक आहार का वितरण किया जाएगा।

## स्वस्थ किशोरी, सशक्त भविष्य थीम पर कार्यक्रम आयोजित

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वस्थ किशोरी, सशक्त भविष्य थीम पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक स्कूल एवं प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर किशोरियों के संपूर्ण स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ आयोजित की गईं। नेत्र परीक्षण के माध्यम से छात्राओं की दृष्टि जांच की गई, जिसमें 11 किशोरियों की दृष्टि में कमी पाई गई। उन्हें निःशुल्क चश्मा प्रदान कर स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित किया गया। इसके अतिरिक्त एनीमिया की रोकथाम हेतु छात्राओं की रक्त जांच कर हीमोग्लोबिन का स्तर आंका गया। जिन किशोरियों में कमी पाई गई उन्हें आयरन व विटामिन सप्लीमेंट्स वितरित किए गए साथ ही संतुलित आहार अपनाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें किशोरियों को साफ सफाई, सैनिटरी पैड के सही उपयोग और सुरक्षित निपटान की जानकारी दी गई। इस अवसर पर निःशुल्क सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए। चिरायु दल द्वारा स्कूल एवं छात्रावास का निरीक्षण कर छात्राओं का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्हें आवश्यक दवाइयाँ एवं पूरक आहार वितरित कर व्यक्तिगत परामर्श भी दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किशोरियों एवं महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता कर स्वास्थ्य से संबंधित विविध लाभ प्राप्त किए। यह आयोजन नारी सशक्तिकरण और किशोर स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध हुआ।



## अरविंद स्कूल में मनाया गया हिंदी दिवस अतिथियों ने हिंदी की महत्ता पर डाला प्रकाश

**राउरकेला।** स्थानीय सेक्टर 5 स्थित अरविंद स्कूल में हिंदी दिवस बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती ममता नायक ने की। स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य विश्वनाथ आइच और अरुप कुमार सुबुद्धि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और हिंदी दिवस की प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए। अतिथियों ने कहा कि हिंदी राष्ट्रीय एकता की भाषा है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त कर चुकी है। वर्तमान में 200 से अधिक विश्वविद्यालयों में यह पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ाई जा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षिका वंदना दास और छात्राओं द्वारा स्वागत गीत से हुई। इसके बाद छात्रों अल्फा परवीन, साहिल अंसारी और मेहेक खातून ने हिंदी दिवस पर अपने विचार रखे। वहीं आरुषि, अयोध्याए रेयांश, आयुषी, अंकिता, आनंदी, साजिया, नेत्री, तन्मयी, भक्तिलता और लोभ्या ने हिंदी पंक्तियों और पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से भाषा की महत्ता को दर्शाया। विद्यालय की प्राचार्या ने स्वागत भाषण में हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालाए जबकि शिक्षिका गीतारानी बेहरा ने सभी को हिंदी के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर शिक्षिकाएँ और शिक्षक गायत्री साहूए प्रतिभा राउत, अंजलि महांती, कल्पना चौधुरी, सैम्यरंजन पाणिग्राही, श्रीधर साहू, संतोष साहू, रत्नप्रभा साहू, सूर्यकांति सामल, नंदिनी दास, इप्सिता साहू, डी. ललिता, सुमन चाकी और देवस्मिता पंडा आदि उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सफलता में सहयोग दिया।



## वन विभाग की ओर से दो दिवसीय क्षेत्रीय खेल उत्सव का उद्घाटन



**राउरकेला।** वन विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय खेल उत्सव का आज बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम में शुभारंभ हुआ। इस वर्ष के क्षेत्रीय खेल उत्सव में 28 वन प्रखंडों के लगभग 370 कर्मचारी विभिन्न खेलों में भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबलपुर जोन के आरसीसीएफ टी अशोक कुमार ने ध्वजारोहण एवं मशाल प्रज्वलन कर खेल उत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राउरकेला आरसीसीएफ रामास्वामी पी केंदुलीफ संबलपुर के सीएफ सुधर्शन बेहरा, एनआईटी राउरकेला के निदेशक प्रो. के उमा महेश्वर राव, राउरकेला विजिलेंस एसपी एसएन पाणिग्राही तथा राउरकेला डीएफओ यशवंत सेठी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पाठ्यक्रम ढाँचे पर आधारित

# जोगपाल पब्लिक स्कूल में दी गई सीबीएसई टीचर्स ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

शुक्रवार को जोगपाल पब्लिक स्कूल में सीबीएसई की एनसीएफ नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के तहत शिक्षक ,शिक्षिकाओं की ट्रेनिंग संपन्न हुई। ट्रेनिंग के लिए ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ की को-ऑर्डिनेटर श्रीमती जसलीन कौर और संस्कार पब्लिक स्कूल, शक्ति के रमानी शाह पीजीटी, केमेस्ट्री ने अपनी उपस्थिति दी।


राष्ट्रीय शिक्षा नीति पाठ्यक्रम ढाँचे पर आधारित है। यह 3 से 18 साल के बच्चों के लिए एक नया पाठ्यक्रम ढांचा प्रदान करता है, जिसमें 5 साल का फाउंडेशनल स्टेज (कक्षा नर्सरी, जेकेजी, एसकेजी, क्लास 1और क्लास 2, 3 साल का प्रिपरेटरी स्टेज क्लास 3,4और 5, 3 साल का मिडिल स्टेज क्लास 6,7और 8 और 4 साल का एडवांस्ड स्टेज क्लास 9,10,11और 12 शामिल है। एनसीएफ राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा है यह एक मार्गदर्शक दस्तावेज है। भारत में इसका उपयोग राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पाठ्यक्रम, शिक्षण- विधियों और छात्र मूल्यांकन के लिए किया गया है। ट्रेनर श्रीमती जसलीन कौर ने बताया कि पहली स्टेज यानी कि फाऊंडेशनल स्टेज में कक्षा नर्सरी से क्लास 2 तक बच्चों का समग्र विकास बहुत आवश्यक है । आज की ट्रेनिग का मुख्य विषय फ़ाउन्डेशनल स्टेज ही रहा।जिसे भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली को बदलने के लिए डिजाइन किया गया है, इसके अंतर्गत बच्चों की सीखने की क्षमता को बढ़ाना, बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ावा देना, बच्चों के कांसेप्ट को बेहतर ढंग से समझने में मदद करना और समग्र समावेशी और लचीली शिक्षा प्रदान करना आदि शामिल है।


ट्रेनिंग के बाद फोटो सेशन के दौरान टीचर्स।


कार्यक्रम के दौरान जोगपाल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सरनजीत सिंह भाटिया।

## बगीचा में आधुनिक इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम का निर्माण प्रारंभ

**जशपुरनगर।** जिले में खेल प्रतिभाओं को पहचान और बेहतर अवसर दिलाने की दिशा में प्रदेश सरकार दूरदर्शी सोच के साथ निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी अपनी चमक बिखेरें और देश व राज्य का नाम गौरवान्वित करें।



मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर ही खेल मैदानों और आवश्यक अधोसंरचनाओं के निर्माण की लगातार स्वीकृति दी जा रही है। साथ ही निर्माण कार्य भी सतत रूप से जारी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री साय के कार्यकाल में 2 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत के बगीचा में स्वीकृत आधुनिक इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। इस स्टेडियम में वुडन फ़्लोरिंग युक्त दो बैडमिंटन कोर्ट होंगे। साथ ही खिलाड़ियों के लिए ड्रेसिंग रूम, बैठने की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। क्षेत्रवासियों और खिलाड़ियों ने इस पहल पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की है। उनका कहना है कि अब उन्हें बड़े शहरों जैसी खेल सुविधाएँ अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होंगी, जिससे बेहतर खिलाड़ी उभर के सामने आएंगे।





## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर में 81 यूनिट ब्लड संग्रहित

**रायगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, रायगढ़ द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक कर नियमित रक्तदाता बनाना है। कलेक्टर एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष के आदेश तथा सचिव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में, चेयरमेन मुकेश शर्मा, प्रभारी अधिकारी डॉ. एचएस उरांव एवं राज्य प्रबंध समिति सदस्य संतोष अग्रवाल के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। इस वर्ष स्वैच्छिक रक्तदान दिवस 01 अक्टूबर का स्लोगन है जो इस अभियान की भावना को सार्थक रूप में अभिव्यक्त करता है। अभियान के अंतर्गत 18 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमनार में आयोजित शिविर में 57 यूनिट तथा 19 सितम्बर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किरोड़ीमल नगर में आयोजित शिविर में 24 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इन शिविरों में नगरवासियों, ग्रामीणों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदाताओं को इ स अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान को जीवनचर्या का हिस्सा बनाने एवं समाज में रक्तदान के प्रति सकारात्मक संदेश फैलाने की शपथ भी दिलाई गई। रेडक्रॉस रायगढ़ की ओर से बताया गया कि सेवा पखवाड़े के दौरान आगामी 01 अक्टूबर को वृहद रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए अभी से रक्तदाताओं का पंजीयन किया जा रहा है।

फोटो शांति के नाम से

### सरसीवा थाना में शांति समिति की बैठक

**सरसीवा।** थाने में दुर्गा, दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुए जिसमें अध्यक्षता निभाते हुए थाना प्रभारी वीणा यादव ने विशेष नियमों का उपदेश दिए ख़ासतौर पे डीजे साउंड को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया। साथ ही भजन, कीर्तन आरती के समय दिए को सावधानी पूर्वक जलाने व आरती करने को समझाइश दिए गए। सीसी टीवी लगाने की आग्रह भी किया गया क्योंकि भीड़ में चोरों के द्वारा चोरी को वारदात किया जा सकता है और कई अन्य नियमों का उपदेश दिया। शांति समिति बैठक में सरसीवां नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, सुमेश बंजारे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नारायण साहू व पार्षदगढ़, गणमान्य लोग, पत्रकार, सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि, क्षेत्रवासी व स्थानीय लोग बडी संख्या में मौजूद रहे।

### राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए 26 तक प्रविष्टियां आमंत्रित

**रायगढ़।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर द्वारा वर्ष 2025 के लिए मिनी माता सम्मान महिला उत्थान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार एवं माता बहादुर कलारिन सम्मान हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। इच्छुक पात्र महिलाएं अपनी प्रविष्टियां 26 सितम्बर तक प्रस्तुत कर सकती हैं। सम्मान से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश एवं फार्म का प्रारूप कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला रायगढ़ में कार्यालयीन समय में प्राप्त कर जमा कर सकते है। इसके तहत एक महिला संस्था को 2 लाख रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रतिवर्ष राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह में प्रदान की जाती है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं विशेष रूप से अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग या अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ठ कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं अशासकीय संस्थाओं के योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मिनीमाता सम्मान महिला उत्थान प्रदान किया जाता है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रतिवर्ष वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

## सड़कों पर अवैध पार्किंग से चरमराई शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, गंभीर नहीं निगम प्रशासन

# मल्टी लेवल पार्किंग का सपना दिखाकर भूली शहर सरकार, 5 माह में भी आगे नहीं बढ़ सकी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बजट में शहर में मल्टी लेवल पार्किंग बनाने का सपना दिखा कर शहर सरकार भूल गई है। 5 माह बाद भी इसकी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है। शहर सरकार द्वारा इसके लिए बजट में 62 लाख का प्रावधान रखने के बाद भी अब तक शहर के भीतर स्थान तय नहीं किया जा सका है। सड़कों पर अवैध पार्किंग से शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। इसके बाद भी निगम प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

दरअसल शहर में नो पार्किंग की समस्या लंबे समय से चली आ रही है। ऐसा नहीं है इस ओर यातायात पुलिस की नजर है। पुलिस कार्रवाई भी कर रही है, लेकिन इसका परिणाम सही तरीके से नहीं निकल पा रहा है। क्योंकि यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई करने के दूसरे दिन ही उसी स्थान पर फिर से दुपहिया-चारपहिया वाहन खड़े नजर आते हैं। इसका प्रमुख कारण शहर में पार्किंग स्थल का अभाव है। कई निगम कमिश्नर, एसपी, ट्रैफिक डीएसपी बदले, लेकिन इस समस्या से लोगों को निजात नहीं दिला पाए। इसी साल के बजट में शहर सरकार द्वारा शहर में मल्टी लेवल पार्किंग के लिए 62 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है, जिससे शहरवासियों में एक उम्मीद जगी है। खास बात यह है कि 5 माह बाद भी इसकी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है। शहर सरकार और निगम प्रशासन द्वारा अब तक शहर में पार्किंग बनाने के लिए स्थान का चयन नहीं किया जा सका है। जिससे शहर की यातायात व्यवस्था पर दबाव पड़ रहा है। शहर के चारों दिशाओं में सड़कों को ही पार्किंग स्थल बना दिया गया है। जिससे शहर में हर वक्त जाम लग रहा है।



### इन मार्गों में होती है अवैध पार्किंग

शहर के शहीद चौक, एमजी रोड, स्टेशन रोड, भाजपा कार्यालय रोड, कलेक्टर बंग्ला रोड, कोतवाली रोड, लालटंकी रोड, निकले महादेव मंदिर, स्टेशन रोड, कोतरारोड, हंडी चौक से सेवाकुंज मार्ग सहित शहर के ऐसे कई प्रमुख मार्ग हैं जहां रोजाना सुबह से शाम तक सड़कों पर दुपहिया-चारपहिया वाहन कतार में खड़े रहते हैं। ऐसा लगता है कि सड़क वाहन मालिकों की जागीर हो। इसी वजह से इन मार्गों में लोग अक्सर जाम में फंस जाते हैं, जिसे बहाल करने में ट्रैफिक जवानों के भी पसीने छूट जाते हैं।

### दुकानों, प्रतिष्ठानों के बाहर भी नहीं है पार्किंग

शहर में संचालित होने वाले दुकानों व प्रतिष्ठानों के संचालक भी अपने यहां आने वाले ग्राहकों के लिए पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं किए हैं। ऐसे में खरीददारी करने आने वाले लोग अपनी वाहन को दुकान के सामने ही सड़क पर खड़ी कर देते हैं। इसलिए सालों से चले आ रहे इस समस्या से लोगों को निजात नहीं मिल पा रहा है।

### लोगों ने कहा हमारी मजबूरी है

इधर पुलिस लोगों को जागरुक नहीं होने की बात कही जा रही है, जबकि शहरवासियों की मानें तो पुलिस द्वारा जुर्माना वसूलने का यह एक बहाना है। अगर शहर में पार्किंग की व्यवस्था होती तो वो क्यों नियमों का उल्लंघन करते। उन्हें भी चालानी कार्रवाई का भय है, लेकिन वो अपनी वाहनों को घर में रख कर पैदल तो शहर नहीं आ सकते। लोगों की मानें तो कार्रवाई के बजाय जिम्मेदार अधिकारियों को पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए।

### सबसे बड़ी समस्या अवैध पार्किंग : नेता प्रतिपक्ष

इस संबंध में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया ने कहा कि शहर की सबसे बड़ी समस्या अवैध पार्किंग है। इसके लिए सबसे पहले पहल होनी चाहिए, बाकी काम तो होते रहेंगे। देखा जाए तो हर घर में चार गाड़ियां है और सभी गाड़ियां दिन हो या रात सड़कों पर खड़ी रहती हैं। कंडम गाड़ियों को भी सड़क को यार्ड समझ कर अवैध रूप से पार्क किया जा रहा है। इस ओर न तो निगम आयुक्त का ध्यान है और न ही यातायात विभाग कोई कार्रवाई करता है।

मल्टी लेवल पार्किंग की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी है। अभी हमारा डीपीआर तैयारा हो रहा है। पार्किंग के लिए शहर में दो-तीन स्थान देखे हैं, लेकिन फाइनल नहीं हुआ है।

**बृजेश सिहं क्षत्रिय**
कमिश्नर, नगर निगम, रायगढ़

## सड़क पर खड़े ट्रैक्टर से टकराकर युवक की मौत, दो घायल

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर से टकरा कर बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

ग्राम मुस्कट्टी निवासी सनत राम राठिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि फगुरम घरघोड़ा निवासी उसका दामाद दिलेश राठिया अपने साथियों शंकर राठिया और सत्यम राठिया के साथ बाइक में सवार होकर लैलूंगा गया था। वापसी के दौरान शाम करीब 7.30 बजे ग्राम केराबहार के पास ट्रैक्टर मालिक दशरथ पटेल के ट्रैक्टर को चालक ने बिना किसी सिग्नल दिए लापरवाहीपूर्वक सड़क पर खड़ा कर दिया था। अचानक सामने ट्रैक्टर आने से उनकी बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में बाइक तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। तभी रास्ते में दिलेश राठिया की मौत हो गई। जबकि शंकर राठिया व सत्यम राठिया भी घायल हुए हैं। शंकर को गंभीर हालत में रायगढ़ रेफर किया गया है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# बाइक पर निकले महापौर, सभापति आयुक्त, दिए स्वच्छता के संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत निगम प्रशासन द्वारा बुधवार को बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू, आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित एमआईसी सदस्यगण, पार्षद एवं निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने शहरवासियों को शहर को स्वच्छ रखने संदेश देते हुए लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शहर को स्वच्छ रखने और निगम क्षेत्र के निवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 17 सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों की रैली निकाल कर किया गया। इसी कड़ी में शुक्रवार को बाइक रैली निकाली गई, जिसमें महापौर श्री चौहान ने स्वयं बाइक चलाई और उनके पीछे बैठे सभापति श्री साहू ने हाथ में स्वच्छ रहेगा रायगढ़ तो समृद्ध रहेगा रायगढ़ नारा की तख्ती लेकर शहरवासियों को शहर को स्वच्छ रखने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। स्वच्छता रथ और स्वच्छता प्रतीक अप्पू राजा के साथ 35 से ज्यादा बाइक में सवार होकर रैली शाम 4.30 बजे से शहीद चौक से शुरू हुई, जो चांदनी चौक, गांजा चौक, गद्दी चौक, घड़ी चौक, जयसिंह तालाब से अंश होटल होते हुए संत माइकल स्कूल, संजय मैदान, राजीव नगर गली नंबर 1, कोतरा रोड होते हुए सत्तीगुड़ी चौक से बेटी बचाओ चौक, सुभाष चौक से वापस नगर निगम कार्यालय पहुंचकर खत्म हुई। करीब डेढ़ घंटा चली इस रैली में शहर के मुख्य सड़क सहित विभिन्न गली-मोहल्लों के 20 किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय किया गया। इस दौरान रैली में शामिल सभी ने भारत सरकार का इरादा, संपूर्ण स्वच्छता का वादा, सफाई के रंग अप्पू राजा के संगएगांव गली में ऐसी ज्योति जलाएंगे, पूरे रायगढ़ को स्वच्छ बनाएंगे, स्वच्छता है बड़ा अभियान, रायगढ़ की स्वच्छता में दे सभी नगरवासी अपना पूर्ण योगदान जैसे नारे लगाए गए। स्वच्छता ही सेवा पकवाड़ा अंतर्गत सुबह के समय श्रमदान से शहर के विभिन्न स्पॉट की सफाई भी की जा रही है। शुक्रवार की सुबह चक्रपथ मयूर झरना परिसर की सफाई की गई।

# बधियाकरण में लापरवाही से बेजुबानों की जान को खतरा, एसडीएम से शिकायत

### एनिमल लवर ग्रुप ने की इस तरह किए जा रहे बधियाकरण पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



भिलाई की एजेंसी एनिमल केयर सर्विसेस द्वारा शहर में स्वानों का लापरवाहीपूर्वक बधियाकरण किया जा रहा है। जिससे उनकी जान जाने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में एनिमल लवर ग्रुप ने एसडीएम से मिलकर इस तरह के बधियाकरण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। जिस पर एसडीएम ने उन्हें आश्वासन भी दिया है।

एनिमल लवर ग्रुप के सदस्यों ने एसडीएम से कहा कि रायगढ़ नगर निगम द्वारा भिलाई की एजेंसी एनिमल केयर सर्विसेस को 10 हजार डॉग्स के बधियाकरण करने का ठेका दिया गया है। जिसे एजेंसी द्वारा लापरवाही पूर्वक किया जा रहा है। पिछले 7 दिनों में करीब 70 स्वानों का बधियाकरण औपचारिक रूप से पूर्णतः लापरवाहीपूर्वक किया गया है। जितनी भी नसबंदी की गई है उसमें नसबंदी के बाद कुत्तों के टेस्टिकल को काटकर जो टांके लगाए गए हैं, उसमें भी लापरवाही बरती गई है। जिससे उनके टांके खुल रहे हैं व टेस्टिकल में पानी का भराव हो रहा है। ऐसे में बेजुबानों की जान जाने का खतरा बना हुआ है।

### गंदगी से इंफेक्शन का बना हुआ है खतरा

एनिमल लवर ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर के पास नीली पानी टंकी के नीचे जिस सरकारी परिसर में बेजुबानों बधियाकरण किया जा रहा है वहां उन्हें खाने-पीने की उचित सामग्री भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इतना ही नहीं जहां इनका बंधियाकरण हो रहा है वहां गंदगी का आलम पसरा हुआ है, जिससे ऑपरेशन के बाद बेजुबानों के टेस्टिकल में इंफेक्शन होने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में ग्रुप के सदस्यों ने एसडीएम से भिलाई की एजेंसी एनिमल केयर सर्विसेस द्वारा किए जा रहे बधियाकरण पर बिना विलंब किए रोक लगाने की मांग की है। जिस पर एसडीएम ने उन्हें आश्वासन भी दिया है।

### हरिभूमि लगातार




### एनिमल लवर ग्रुप को मिल रही शिकायतें

ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि एजेंसी द्वारा जितने भी कुत्तों को जिन क्षेत्रों से पकड़ कर लाया जा रहा है, बधियाकरण के बाद उनको वापस उनके निश्चित स्थान तक न छोडकर दूसरे मोहल्लों व शहर से बाहर छोड़ा जा रहा है। ग्रुप के सदस्यों को अटल अवास, गुलमोहर कॉलोनी, संजय मैदान, ढिरापुर चौक आदि इलाकों से शिकायतें भी मिली हैं।

# 8 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त, 11 हजार का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम की टीम द्वारा हेमू कॉलोनी सिग्नल चौक स्थित दुकानों की सघन जांच की गई इस दौरान दुकानों से 8 किलो से ज्यादा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जब तक किया गया। इसी तरह 16 प्रकरण में 10500 रुपए जुर्माना लगाया गया है। सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णतः प्रतिबंधित है। बावजूद इसके खाने पीने की समान बिक्री करने वाले सहित राशन, सब्जी, फल विक्रेता सामग्री देने में सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग कर रहे हैं। इसे देखते हुए निगम की टीम द्वारा हेमू कॉलोनी सिग्नल चौक पर स्थित दुकानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान यहां स्थित दुकानों से 8 किलो से ज्यादा सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी कैरीबैग, डिस्पोजल आदि जब्त किया गया। निगम की टीम द्वारा 16 दुकानदारों से 10500 रुपए जुर्माना वसूला गया। इस दौरान सभी दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक से बने कैरी बैग, डिस्पोजल आदि का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई। कमिश्नर बृजेश की क्षत्रिय ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिए झिल्ली, कैरी बैग, डिस्पोजल आदि से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ पशुधन की भी हानि होती है। यह ऐसा प्लास्टिक है जो सैकड़ो वर्ष तक खत्म नहीं होता है और जमीन में पड़े रहकर यह उस जमीन को बंजर करने के साथ पर्यावरण को प्रभावित करता है। इसलिए ही शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसी तरह गाय, भैंस, बैल आदि इसे खाकर बुरी तरह बीमार पड़ जाते हैं और समय ही उनकी मौत हो जाती है। इस दौरान उन्होंने शहर एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने पशुधन की हानि रोकने के लिए शहर के सभी व्यवसाईयों एवं शहरवासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग, डिस्पोजल कप आदि उपयोग नहीं करने की अपील की है।



## पीएनबी के ग्राहक सेवा केन्द्र में चोरी

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बीटीआई चौक पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्राहक सेवा केंद्र बीती रात चोरों का निशाना बन गया। जानकारी के अनुसार चोरों ने देर रात सेंटर का शटर उठाया और अंदर रखे करीब 70 हजार रुपए नगद लेकर फरार हो गए। सीसीटीवी कैमरे में साफ दिखाई दे रहा है कि चोर स्विफ्ट कार से मौके पर पहुंचे थे और वारदात को अंजाम देने के बाद आराम से गाड़ी में बैठकर निकल गए। जिस इत्मीनान से उन्होंने यह काम कियाए उससे यह स्पष्ट है कि अपराधियों को कानून व्यवस्था का कोई भय नहीं रह गया है। घटना की जानकारी मिलते ही धरमजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लिया है और चोरों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

## सीएम साय से देर रात मुलाकात के बाद आंदोलन समाप्त करने पर बनी सहमति

# 5 मांगों पर लगी मुहर, एनएचएम की हड़ताल खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



एनएचएम कर्मचारियों की 33 दिन लंबी हड़ताल आखिरकार शुक्रवार देर रात खत्म हो गई। शनिवार से जिले के 500 से अधिक कर्मचारियों ने अपनी जॉइनिंग दे दी है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं के पटरी पर लौटने की उम्मीद जताई जा रही है। सरकार और कर्मचारियों के बीच कई दौर की वार्ता विफल रही थी। कर्मचारियों ने 24 घंटे का अल्टीमेटम भी दिया था जिसके बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से देर रात मुलाकात के पश्चात आंदोलन समाप्त करने पर सहमति बनी।

दरअसल इस हड़ताल में प्रदेशभर के 16,000 से अधिक एनएचएम कर्मचारी शामिल थे। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्र, प्रयोगशालाएं और अन्य कार्यक्रम पूरी तरह प्रभावित रहे। मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कर्मचारियों की कुल 10 मांगों में से फिलहाल 5 पर सरकार ने हामी भरी है। जिसमें सीआर मूल्यांकन में राहत, सवैतनिक मेडिकल अवकाश, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, ग्रेड पे निर्धारण व वेतन वृद्धि शामिल है। हालांकि नियमितीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर, 50 प्रतिशत आरक्षण और 10 लाख कैशलेस बीमा जैसी बड़ी मांगों को केंद्र से बातचीत के भरोसे टाल दिया गया है। अनुकंपा नियुक्ति और पारदर्शी तबादला नीति पर भी केवल प्रक्रिया शुरू करने की बात कही गई है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए हड़ताल समाप्त कर दी है अब सरकार को कागजी घोषणाओं को धरातल पर उतारना होगा। हड़ताल खत्म होने से स्वास्थ्य सेवाएं बहाल होने लगी हैं, लेकिन कर्मचारी संगठनों ने साफ संकेत दिया है कि अगर वादे पूरे नहीं किए गए तो आंदोलन दोबारा तेज किया जाएगा।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI RAIGARH

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)

उड़ीसा रोड , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)

89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### छात्र अमितेश का जवाहर नवोदय में चयन

**पुसौर।** सेवा सहकारी समिति पुसौर अध्यक्ष एवं पूर्व एल्डरमेन घनश्याम पटेल के भाई डा. उधव पटेल के ज्येष्ठ पुत्र अमितेश सौर्य पटेल का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। उक्त छात्र ने एनटीपीसी गुरूकुल में अध्ययनरत होकर नवोदय में प्रवेश लेने प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हुआ जहां इसका चयन हुआ है। ज्ञात हो कि उक्त विद्यालय में डा. उधव पटेल का भी उनके स्कूली शिक्षा के समय चयन हुआ था जहां अध्ययन कर अपनी डक्टरी केरियर हासिल किया है। इतिहास अपने को दोहराता है के तर्ज में पुनः इनके बेटे का उसी विद्यालय में चयन होने से उनके परिवार के साथ साथ क्षेत्र के लोगों के लिए एक गौरव का विषय बना हुआ है। इस उपलब्धि पर एनटीपीसी गुरूकुल स्कूल प्रबंधन, अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी, नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, पूर्व नगर अध्यक्ष किसोर कसेर सहित कईयों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### गेस्ट लेक्चरर के लिए 3 तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** जिला नोडल संस्था औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ के अंतर्गत जिले की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था धरमजयगढ़ में संचालित व्यवसाय कोपा के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु प्रशिक्षण अधिकारी के स्वीकृत पद के रिक्त पद कार्यरत नियमित प्रशिक्षण अधिकारी संविदा प्रशिक्षण अधिकारी मेहमान प्रवक्ता को छोड़कर शेष रिक्त पद के विरूद्ध प्रशिक्षण सत्र 2025-26 हेतु मेहमान प्रवक्ता गेस्ट लेक्चरर के लिए आवेदन 3 अक्टूबर समय शाम 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत स्पीडपोस्ट द्वारा आवेदन पत्र जिला प्राचार्य नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में जमा किए जा सकते है। इसके लिए आवेदक को छग का मूल निवासी होना अनिवार्य है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

### जरूरतमंद बालिकाओं को वितरित की गई स्टेशनरी

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मनाये जा रहे रजत महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में आज कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ में जरूरतमंद एवं गरीब बालिकाओं को स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो, पार्षद अमित शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिणि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो ने कहा कि बेटियों को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने के लिए यह योजना एक मजबूत आधार है। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों और छात्राओं से आग्रह किया कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लें और बालिकाओं को आगे बढने के लिए प्रोत्साहित करें। पार्षद अमित शर्मा ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल है। इससे चांदमारी क्षेत्र की बालिकाओं को लाभ मिलना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि जब बेटियां पढ़ेंगी, तभी समाज तरक्की करेगा। मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एलआर कच्छप द्वारा जानकारी दी गई कि जरूरतमंद बालिकाओं की शालेय फीस भी इस योजना के अंतर्गत जमा कराई जा रही है। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी और उज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद भी प्रदान किया।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से बदल रही जिंदगी, बचत भी कमाई भी

# रायगढ़ में सूर्य क्रांतिः घरों की छतों पर बिजली उत्पादन, उपभोक्ता बन रहे हैं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने जिले में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की एक नई कहानी लिखनी शुरू कर दी है। अब घरों की छतें सिर्फ बिजली की खपत करने वाली जगह नहीं रहीं बल्कि खुद बिजली का उत्पादन केंद्र बन गई हैं। जिले में उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठाकर सौर ऊर्जा से बचत और कमाई दोनों कर रहे हैं।

पुसौर के प्रवीण कुमार बताते है कि उनके घर पर 1.5 किलोवॉट क्षमता का रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किया गया है। अगस्त 2025 में उनके प्लांट ने 266 यूनिट बिजली उत्पन्न की जिससे उन्हें 1,494 रुपए की छूट मिली। 273 यूनिट बिजली ग्रिड से लेने के बावजूद उनका कुल बिल सिर्फ 40 रुपए आया। प्रवीण कुमार का कहना है कि सौर ऊर्जा से घर चलाने का अनुभव न केवल आर्थिक रूप से राहत देने वाला है बल्कि पर्यावरण के लिए भी बेहतर है।



### आकर्षक सब्सिडी और सरल प्रक्रिया

सरकार सौर ऊर्जा को अपनाने के लिए उपभोक्ताओं को भारी सब्सिडी और एक आसान प्रक्रिया उपलब्ध करा रही है। 1 किलोवॉट क्षमता औसतन 120 यूनिट माह उत्पादन पर 45 हजार रुपए की सब्सिडी केंद्र 30 हजार रुपए राज्य 15 हजार रुपए 2 किलोवॉट क्षमताः औसतन 240 यूनिट माह उत्पादन पर 90 हजार रुपए की सब्सिडी केंद्र 60 हजार रुपए राज्य 30 हजार रुपए और 3 किलोवॉट क्षमता औसतन 360 यूनिट माह उत्पादन पर 01 लाख 8 हजार की सब्सिडी केंद्र 78 हजार रुपए राज्य 30 हजार रुपए दे रही है। इसके अलावा उपभोक्ताओं को बैंक ऋण की सुविधा भी दी जा रही है। पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी है जिससे आवेदन करना बेहद सरल हो गया है। आवेदन पोर्टल पर पीएम सूर्य घर मोबाइल ऐप से या सीएसपीडीसीएल की वेबसाइट और मोर बिजली ऐप के माध्यम से किया जा सकता है। सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1912 पर भी कॉल किया जा सकता है।

### प्रशासनिक पहल और हरित भविष्य की ओर कदम

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उपभोक्ताओं को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उपभोक्ता न केवल अपनी घरेलू जरूरतें पूरी कर सकते हैं बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में देकर अतिरिक्त आय भी अर्जित कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में यह योजना ऊर्जा क्रांति का एक नया अध्याय लिख रही है। यह पहल केवल सस्ती बिजली तक सीमित नहीं है, बल्कि बचत, आर्थिक सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम है। रायगढ़ में यह योजना तेजी से घर घर पहुँच रही है। प्रवीण कुमार महाणा जैसे उपभोक्ताओं की सफलता की कहानियाँ इस योजना को विश्वसनीय और प्रेरणादायक बना रही हैं।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

अपर सत्र न्यायालय न्यायाधीश श्रीमान अभिषेक शर्मा ने कुंजारा निवासी रत्थू लाल चौहान को धारा 302 के तहत सिद्ध दोष पाते हुए हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई एवं 1000 के अर्थ दंड से दंडित किए जाने का दण्डादेश सुनाया।



मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना लैलूंगा के काशीराम चौहान ने सरपंच जयप्रकाश, बसंत प्रधान एवं अन्य लोगों के साथ थाना लैलूंगा आकर इस आशय की सूचना दी कि 2 दिसंबर 2022 को लगभग 4 बजे जब वह रिश्तेदारी में क्रिया कर्म सम्मिलित होने के लिए अपनी पत्नी हीरा मोती के साथ बांस डाड़ गया था। दूसरे दिन 3 दिसंबर को लगभग 3 बजे दोपहर में फोन करके गांव वाले बताए कि उसके मामा राम चौहान को अभियुक्त रात्थू चौहान ने हाथ मुक्का से मारपीट कर जमीन में घसीटा है जिससे उसके चेहरे पर तथा शरीर पर बहुत चोट आई है खरोच से खून निकल कर रहा है। सूचना पाकर वह घर कुंजारा आकर देखा तो उसके मामा राम चौहान खाट में सोये थे, पूछने पर उसने बताया कि गाय बैल को चराने के लिए नहीं गया इसी बात पर उसका नाती रत्थू लाल चौहान ने उसे नहर के पास रोड किनारे जमीन में घसीटा और हाथ मुक्का व लात से बहुत जोर से मार पीट किया जिससे उसके चेहरे एवं शरीर के अन्य भागों में अत्यधिक चोट आई है। इसके बाद 4 दिसंबर को आहत राम चौहान की मृत्यु हो गई। उक्त सूचना के आधार पर थाना लैलूंगा में अभियुक्त रत्थू लाल चौहान के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया। जांच उपरांत सभी साक्षियों के बयान दर्ज किए तथा अभियुक्त के विरूद्ध धारा 302 भारतीय संहिता के तहत चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया था। विद्वान न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए सभी साक्षियों के बयान श्रवण किया। तथा दोनों पक्षों के बहस श्रवण करने के पश्चात अभियुक्त रत्थू लाल चौहान को धारा 302 के तहत मृतक राम चौहान के हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा अर्थ दंड से दंडित किया। मामले में राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेश ठाकुर ने पैरवी की।

# त्रिभोना के सीसी रोड निर्माण की जनपद कार्यालय में की गई शिकायत

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत त्रिभोना में बने सीसी रोड की शिकायत वहां के पंचों व ग्रामवासियों द्वारा जनपद कार्यालय पुसौर में करते हुए जांच की मांग की है। वहीं इसकी शिकायत आगामी सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में करने की तैयारी भी कर ली है।

जानकारी के मुताबिक लगभग 10 लाख रूपए से स्वीकृत सीसी रोड का निर्माण छोटे हरदी की ओर से त्रिभोना पहुंच मार्ग जो कि नदी के डुबान क्षेत्र का रोड है जहां आए दिन पानी भरा रहता है, वहां रोड का निर्माण किए जाने से उक्त पंचायत के पंचों एवं ग्रामवासियों ने इसकी शिकायत की है और जांच की मांग की है। वहीं सीसी रोड निर्माण में प्रयुक्त गिट्टी व सीमेंट गुणवत्ता युक्त नहीं है, साथ ही जिस अनुपात में मिलाकर सीसी रोड निर्माण कराया गया उसमें ज्यादातर रेत है जो सुखने के बाद झाडू मारने से उखड जा रहा है। यहां के निवासियों ने बताया कि



निर्धारित प्राक्कलन के अनुसार यह रोड नहीं बना है और कीचड के उपर में कांक्रीट कर दिया गया है। इसमें ग्रामीणों ने कई बार मना भी किया लेकिन पंचायत के प्रमुख लोगों द्वारा इसका अवहेलना किया गया। इस तथ्य को लेकर पंच एवं ग्रामीण जनों ने संबंधित सब इंजीनियर राखि पटेल से शिकायत करने की कोशिश की जिसमे मुश्किल से सफलता मिली और केवल एक बार आकर इसकी जांच की। ग्रामीणों के मंशानुरूप सब इंजीनियर मौके पर पहुंच पर इन्हे गुणवत्ता युक्त सीसी रोड निर्माण हेतु निर्देश दिया गया होता तो शायद नहीं होता या फिर उक्त तथ्य को उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया होता तो ग्रामीणों को शिकायत का मौका नहीं मिलता।

### कैसे बना डुबान भूमि में सीसी रोड का प्राक्कलन

ग्रामीणों की माने तो किसी भी निर्माण कार्य के लिए संबंधित विभाग के समक्ष नक्शा खसरा एवं लोकेशन देना होता है। जिस रोड भूमि में सीसी रोड बनाया गया है वह डुबान क्षेत्र है जो ओडिशा हीराकुड डेम के अधिग्रहित क्षेत्र में आता है। उक्त भूमि के रकबा खसरा हीराकुड के अधिन होने से संबंधित भू स्वामियों को मुआवजा भी मिल चुका है ऐसे स्थिति में इस डुबान क्षेत्र में रोड बनाना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। उक्त रोड भूमि के खसरा बी-1 को देखे बगैर रोड की स्वीकृति मिलना समझ से परे है, जिस पर स्वीकृति कर्ता के उपर सवाल उठ रहे हैं।

# खेतों में नैनो यूरिया छिड़काव का चल रहा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

किसानों को उन्नत और किफायती उर्वरक तकनीक से जोड़ने के लिए जिले में नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन कृषि विभाग के अधिकारियों और विशेषज्ञों द्वारा किसानों के खेत में पहुंचकर किया जा रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव तथा उप संचालक कृषि रायगढ़ के मार्गदर्शन में किसानों के लिए यह जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत विकासखंड रायगढ़ में किसानों के खेतों में ट्रायल रन के रूप में नैनो यूरिया का प्रदर्शन किया गया।

ग्राम कोड़तराई में कृषक परमेश्वर पटेल, झारगुड़ा में कृषक हरकेश्वर पटेल तथा पंझर में कृषक नरेन्द्र पटेल के धान की फसल पर एक एक एकड़ भूमि में नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। आने वाले दिनों अन्य किसानों के खेतों में भी यह प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान हितग्राही किसान के साथ गांव के अन्य किसानों को भी इस प्रदर्शन के अवलोकन में शामिल किया जाता है।

उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने बताया कि यह पहल न सिर्फ रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता को कम करेगी, बल्कि किसानों की उत्पादन लागत घटाकर अधिक लाभ दिलाने में भी सहायक सिद्ध होगी। इस दौरान किसानों को नैनो यूरिया के प्रयोग की विधियों एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। किसान ड्रोन, मोटर, बैटरी, नेपसेक स्प्रेयर के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, इफको के प्रतिनिधि और स्थानीय कृषकगण उपस्थित रहे।



### दो माह पूरे जिले चलेगा व्यापक अभियान

उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने बताया कि अभी चिन्हांकित स्थानों में नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन चल रहा है। आगामी नवंबर और दिसंबर में यह प्रदर्शन अभियान पूरे जिले में व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। इसके लिए सभी आरएईओ अपने प्रभार क्षेत्र के गांवों में किसानों को नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन कर उपयोग की विधि और फसल को होने वाले लाभ से अवगत कराएंगे। इसके साथ ही आगामी विकसित कृषि संकल्प यात्रा के अंतर्गत इसकी जानकारी किसानों को दी जाएगी।

### यह किफायती और सुविधाजनक

प्रदर्शन के दौरान उपस्थित किसानों ने नैनो यूरिया के छिड़काव का तरीका समझा। बेसल डोज के बाद फर्स्ट और सेकंड स्प्रे के लिए नैनो यूरिया के उपयोग के संबंध में परमेश्वर पटेल ने कहा कि यह पारंपरिक यूरिया की तुलना में काफी सस्ता है। यह कम मात्रा में भी बेहतर परिणाम देता है। बॉटल में पैकेजिंग होने के कारण खेतों तक लाने ले जाने ले जाने व छिड़काव में सुविधाजनक है। इसके छिड़काव से पौधों पर असर जल्दी और एक समान दिखता है। पौधों की बढ़वार भी संतुलित होती है।

# पाठ्य पुस्तक व लेखन सामग्री का किया गया वितरण

**रायगढ़।** शिक्षा एवं कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत मेसर्स डी.बी. पावर लिमिटेड बाड़ादरहा द्वारा प्लांट के आश्रित ग्राम बाड़ादरहा एवं टुण्ड्री में जवाहर नवोदय विघालय कक्षा 6वी में प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तक एवं लेखन सामग्री नवोदय गाईड, प्रैक्टिस वर्क बुक, व्हाइट बोर्ड, डस्टर, मार्कर एवं पेंसिल पैकेट देबासिस सरकार प्रेसिडेंट, डी.बी.पावर लिमिटेड एवं एचएन चक्रवर्ती डिप्टी प्रेसिडेंट, डी.बी. पावर लिमिटेड के द्वारा वितरित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



देबासिस सरकार ने अपने उद्बोधन में उपस्थित छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में उतीर्ण होने के लिए नियमित अध्ययन करने हेतु जागरूक किए। साथ ही उपस्थित अभिभावक को भी बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए उनकी सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। शिक्षकों को भी समय-समय पर कोचिंग केन्द्र में अध्ययन छात्र-छात्राओं में प्रतियोगिता का आयोजन करने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# विश्वकर्मा पूजन महोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, विसर्जन आज

**घरघोड़ा।** नगर में इस वर्ष भी विश्वकर्मा पूजन महोत्सव बड़े ही धूमधाम और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। हरी क्रेन सर्विस घरघोड़ा के संचालक हरी चरण यादव विगत कई वर्षों से परंपरागत रूप से विश्वकर्मा पूजा का आयोजन करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी उन्होंने नगरवासियों के साथ मिलकर पूरे हर्षोल्लास से भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना संपन्न कराई।

पूजा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वातावरण भक्ति और आस्था से सराबोर हो गया। विशेष पूजा अनुष्ठान के बाद नगरवासियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने



कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया और धर्मलाभ लिया। भंडारे में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक भारी उत्साह के साथ शामिल हुए। हरी चरण यादव ने बस स्टैंड कारगिल चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास प्रतिमा स्थापित की थी। यहां दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पूजा पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और श्रद्धालु भगवान विश्वकर्मा के दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे थे। इधर आज विश्वकर्मा महोत्सव का विशेष आकर्षण भव्य विसर्जन यात्रा होगी। प्रतिमा को सजे धजे रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। डीजे, ढोल, बाजा गाजा कर्मा नृत्य के साथ और जयघोष के साथ विसर्जन यात्रा का माहौल देखने लायक होगा। यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बगमुड़ा तालाब पहुंचेगी, जहां विधि विधान के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। पूरे आयोजन में नगरवासियों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग देखने को मिला। भक्ति श्रद्धा और उत्साह से ओतप्रोत विश्वकर्मा पूजन महोत्सव ने घरघोड़ा नगर में धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण को नई ऊर्जा से भर दिया है।

### सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत होंगे विविध कार्यक्रम

**रायगढ़।** समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत जिला स्तर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 21 सितम्बर को उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा के विद्यार्थियों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चौक से एक भव्य मैराथन रैली का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 22 सितम्बर को नगर पालिक निगम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट रायगढ़ में वृद्धजनों के लिए सम्मान समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर भरण पोषण अधिनियम 2007 की जानकारी दी जाएगी, साथ ही वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण, आधार कार्ड और राशन कार्ड शिविर भी लगाया जाएगा। 27 और 28 सितम्बर को स्वैच्छिक संस्था उम्मीद विशेष विद्यालय पहाड़ मंदिर कौहाकुण्डा रायगढ़ में दिव्यांग छात्र छात्राओं के लिए खेलकूद, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

सुयश हॉस्पिटल (NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
किडनी फेलयर (ARF/CRF)
डायलिसीस
बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
नेफ्रोटिक सिंड्रोम
हाई बीपी (HIGH BP)
PCNL
AV FISTULA
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS, MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी कालडा हॉस्पीटल में
जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल प्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक 28 अक्टूबर 2025, 10 नवंबर 2025, 16 दिसंबर 2025, 16 जनवरी 2026, 11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि: स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411